प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.07.2026/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ममलीग पंचायत में 5 सौ किलोवॉट की सौर ऊर्जा परियोजना का किया लोकार्पण– कहा– पंचायत को हर साल 14 लाख रूपए की होगी आय।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने का किया आह्वान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– हिमकेयर योजना को लेकर झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रहे मुख्यमंत्री।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में हिमाचल की शिक्षा रैंकिंग हुई बेहतर।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा– केन्द्रीय योजनाओं के तहत हो रहे बिजली सुधार कार्यों का श्रेय ले रही सुक्खू सरकार।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला से वर्चुअल माध्यम से सोलन ज़िला की ममलीग पंचायत में ग्रीन पंचायत योजना के तहत 5 सौ किलोवॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ममलीग में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो करोड़ रूपए की लागत से निर्मित इस परियोजना से वर्तमान में करीब 3 हज़ार यूनिट प्रतिदिन विद्युत उत्पादन हो रहा है और साल में करीब 8 लाख यूनिट बिजली उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पंचायत को हर साल 14 लाख रूपए की आय होगी। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास कर रही है और पंचायतों में सौर ऊर्जा परियोजनाओं का निर्माण करना इस दिशा में उठाया गया ठोस कदम है।

इस दौरान कर्नल धनीराम शांडिल ने इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने नशे के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सभी वर्गों को अपना सहयोग देने का आह्वान किया ताकि हिमाचल चिट्‌टा मुक्त बन सके।

किशाऊ एम.ओ.यू

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज शिमला में 4 सौ 22 मेगावाट किशाऊ बहुद्देश्यीय परियोजना के एम.ओ.यू. के प्रारूप की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई बैठक में किशाऊ बहुउद्देश्यीय परियोजना के क्रियान्वयन पर सहमति बनी है, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश को परियोजना में कोई वित्तीय निवेश किए बिना प्रतिवर्ष लगभग 6 सौ करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य साकार करने के लिए उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने का आह्वान किया है। वे आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में आयोजित विश्वविद्यालय कोर्ट की 36वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्यपाल ने विद्यालयों में शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान गतिविधियों को सामूहिक प्रतिबद्धता व संस्थागत नवाचार के माध्यम से निरंतर सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश के अनुसार विश्वविद्यालय को शिक्षा व अनुसंधान की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य करने की ज़रूरत बताई। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित डिजिटल स्टूडियो का उद्‌घाटन भी किया।

इस बीच, राज्यपाल ने शिमला के निकट जतोग छावनी क्षेत्र में आयोजित एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ भी किया। इस दौरान उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावी समाधान के लिए जनभागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक जागरूकता और ठोस प्रयासों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री झूठ बोल कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हिमकेयर योजना को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं जबकि सच्चाई सरकार के आधिकारिक दस्तावेज़ों में दर्ज है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वर्ष 2019 से 2022 तक की मांगी गई जानकारी के जवाब में ये खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने लिखित जवाब में माना है कि सरकारी अस्पतालों में इस अवधि के दौरान पुरूष मरीज़ों की हिस्टेरेक्टोमी संबंधी कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में एक भी योजना शुरू करने में नाकाम रहे और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं को घोटाले का झूठा नाम देकर कीचड़ उछाल रहे हैं।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों और परफॉरमेंस इंडेक्स में हिमाचल प्रदेश की शिक्षा रैंकिंग लगातार बेहतर हुई है। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े 3 वर्षों में शिक्षा विभाग ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। भाजपा द्वारा कुछ परियोजनाओं को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास पूरी प्रक्रिया के तहत किया गया है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा यदि श्वेत पत्र जारी करने की बात करती है तो उसे केन्द्र की एन.डी.ए. सरकार के फैसलों पर भी श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार निर्धन व वंचित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वे आज किन्नौर ज़िला के निचार उपमण्डल के निगुलसरी में जलग्रहण क्षेत्र उपचार योजना के तहत बी.पी.एल. परिवारों को इंडक्शन हीटर वितरित करने के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने जन समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर निपटारा किया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य सरकार केन्द्र के पैसों से हो रहे बिजली सुधार कार्यों का श्रेय लेने में जुटी है। नाहन से जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा है कि सिरमौर ज़िला में बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए केन्द्र की आर.डी.एस.एस. योजना के तहत एक सौ 94 करोड़ 42 लाख रूपए की परियोजना पर कार्य चल रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आर.डी.एस.एस. योजना के तहत हिमाचल को लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

परीक्षा तिथि

स्टेट ओपन स्कूल के तहत इस वर्ष सितम्बर में आयोजित होने वाली कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थी विलंब शुल्क के साथ 20 जुलाई तक प्रवेश फॉर्म जमा कर सकते हैं। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं।

शिपकिला व्यापार

किन्नौर ज़िला के शिपकिला से चीन व्यापार के संबंध में आज रिकांगपिओ में उपायुक्त डॉक्टर अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि शिपकिला से व्यापार एक अगस्त से आरंभ होगा जो 30 नवम्बर तक चलेगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ममलीग पंचायत में 5 सौ किलोवॉट की सौर ऊर्जा परियोजना का किया लोकार्पण– कहा– पंचायत को हर साल 14 लाख रूपए की होगी आय।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने का किया आह्वान।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– हिमकेयर योजना को लेकर झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रहे मुख्यमंत्री।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में हिमाचल की शिक्षा रैंकिंग हुई बेहतर।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा– केन्द्रीय योजनाओं के तहत हो रहे बिजली सुधार कार्यों का श्रेय ले रही सुक्खू सरकार।